तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13 08 24	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक प्रार्थी उपस्थित। पेरोकारराज उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया। उक्त प्रार्थना–पत्र न्यायालय सहायक उपनिवेशन, बीकानेर के निर्णय दिनांक 23.10.2007 व 25.03.2008 के विरूद्ध राजस्व अपील प्राधिकारी, बीकानेर के निर्णय दिनांक 08.03.2017 से अपास्त होकर रिमाण्ड किये जाने के परिणामस्वरूप प्राप्त होने पर इस न्यायालय में दर्ज किया गया। उक्त प्रकरण आवंटन से संबंधित है, जिसका निस्तारण आवंटन की प्रक्रिया के तहत किया जाना है। इस न्यायालय में उक्त प्रार्थना–पत्र के तहत कोई अनुतोष संधारणीय प्रतीत नहीं होता है। इसके उपरान्त पत्रावली के संलग्न कार्यालय नोटशीट का अवलोकन किया, जिसके तहत टिप्पणी संख्या 3 के द्वारा प्रकरण कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, बीकानेर की आवंटन शाखा में भिजवाये जाने का आदेश पारित किये जाने उपरान्त भी उक्त प्रकरण न्यायालय हाजा में जैरकार है, जिसे कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, बीकानेर की आवंटन शाखा में सम्यक् निस्तारण हेतु स्थानान्तरित किया जाना आवश्यक है। अतः उक्त प्रार्थना–पत्र वास्ते आगामी कार्यवाही एवं निस्तारण कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, बीकानेर की आवंटन शाखा को स्थानान्तरित किये जाने का आदेश दिया जाता है। उक्त प्रार्थना–पत्र जरिये स्थानान्तरण फैसल शुमार किया जाता है। पत्रावली की एक प्रति वास्ते रिकार्ड संधारण आदेश के हमराह संरक्षित की जावे। प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं हैं। अतः पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।	